




ग्राम भेड़ियापानी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल, भारिया हितग्राहियों को प्रदान किया हितलाभ

# सबके सामूहिक प्रयासों से जनजातीय समुदाय का सर्वांगीण विकास : श्री पटेल





**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 जनवरी. राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज तामिया क्षेत्र के ग्राम भोड़ियापानी पहुंचे और वहां आयोजित संवाद कार्यक्रम में भारिया जनजातीय समुदाय के लोगों से आत्मीय संवाद किया।** इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान के लिए संचालित पीएम जनमन अभियान, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, आदि कर्मयोगी अभियान सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं अभियानों की जानकारी देते हुए जनजातीय समुदाय से इन योजनाओं का पूरा लाभ उठाने की अपील की। साथ ही अधिकारियों को इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही जनजातीय समुदाय का संपूर्ण एवं सर्वांगीण उत्थान संभव है। इस दौरान उन्होंने भारिया हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रधानमंत्री जनमन अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ समय पर और गुणवत्ता के साथ दिलाया जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल श्री पटेल ने सिकलसेल और क्षय रोग जैसी गंभीर बीमारी पर भी चर्चा की और इसके समय पर परीक्षण, उपचार एवं जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आत्मीय संवाद करते हुए सिकलसेल और क्षय रोग के मरीजों को शासन द्वारा उपलब्ध दवाइयों का नियमित सेवन करने का संदेश दिया और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## जैविक और प्राकृतिक उत्पादों की सराहना की

राज्यपाल श्री पटेल ने शिविर स्थल पर ही कृषि, उद्यानिकी एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लगाए गई जिले के जैविक और प्राकृतिक उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से चर्चा की और ज़िले में किये जा रहे कार्यों को सराहा। उन्होंने विशेष रूप से प्राकृतिक खेती करने वाले जिले के किसान पूरनलाल इनवाती द्वारा दो एकड़ केले की प्राकृतिक खेती से लगभग आठ लाख रुपए का लाभ प्राप्त करने पर सराहना की।

## चिमटीपुर में होम-स्टे का किया निरीक्षण

राज्यपाल श्री पटेल ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की हितग्राही राजवती भारती पति मोहन भारती के आवास पर परिवारजनों के साथ सरसों का साग एवं मक्के की रोटी का स्वाद लिया। इसके पश्चात राज्यपाल ग्राम चिमटीपुर पहुंचे, जहां उन्होंने हितग्राही रूपलाल पन्द्राम द्वारा संचालित होम-स्टे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने होम-स्टे के संचालन के संबंध में जानकारी ली। हितग्राही द्वारा बताया गया कि प्रतिमाह लगभग 15 से 20 पर्यटक यहां ठहरने आते हैं, जिससे उन्हें अच्छा लाभ हो रहा है।

## छात्रावासी छात्राओं से भी किया संवाद

भारिया जनजातीय समुदाय से संवाद कार्यक्रम के बाद राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित आदिवासी नवीन कन्या आश्रम भोड़ियापानी का निरीक्षण किया और छात्रावासी छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उन्हें मन लगाकर पढ़ने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उनके उज्जवलन भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील्स प्लस सेवा का शुभारंभ

ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित संरचनाओं के नियमित रख-रखाव को सुनिश्चित करने की दिशा में जिला पंचायत द्वारा एक और अभिनव पहल की गई है। आज अपने छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान जनपद पंचायत तामिया की ग्राम पंचायत भोड़ियापानी में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील्स प्लस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। यह नवाचार ग्रामीण विकास विभाग, जिला पंचायत छिंदवाड़ा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने के लिए प्रारंभ किया गया है।

# दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा

### दहेज प्रताड़ना के कारण नवविवाहिता ने की थी आत्म हत्या

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 जनवरी.** दहेज प्रताड़ना के कारण एक नवविवाहिता ने आत्म हत्या कर ली थी उक्त मामले में न्यायालय ने आरोपी पति और उसके भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार परासिया के बांध मोहल्ला निवासी मृतिका पल्लवी पति नितिन 24 वर्ष ने 31 मार्च 2024 को सुबह करीबन 11.00 बजे अज्ञात जहर के सेवन कर लिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी. इस पर पुलिस ने मर्ग क्र. 12/2024 धारा 174 जा. फौ. कायम कर मृतिका पल्लवी नवविवाहिता होने से मर्ग जांच परासिया एसडीओपी जितेन्द्र सिंह जाट द्वारा की गई, मर्ग जांच में पाया गया कि मृतिका पल्लवी का पति नितिन गौतम व उसका भाई शेखर गौतम के द्वारा मृतिका की शादी के बाद से ही उसे लगातार दहेज की मांग कर रहा था इससे मृतिका पल्ली परेशान हो गई थी वहीं एक्सीडेंट को लेकर भी परेशान थी. मृतिका पल्लवी ने मानसिंक प्रताड़ना से तंग आकर जहर का सेवन कर लिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी. उक्त जांच के बाद पुलिस ने नितिन गौतम, शेखर गौतम के खिलाफ धारा 304 बी, 34 भादवि. प्रकरण दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर प्रकरण को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया था जहां यायालय द्वारा अभियोजन की ओर से प्रकरण के गवाहों के कथन न्यायालय में लेखबद्ध किये गये विचारण उपरांत आरोपी नितिन गौतम पिता चिंतरंजन सिंह गौतम 33 साल एवं आरोपी शेखर सिंह पिता चितरंजन सिंह गौतम 34 वर्ष दोनों निवासी वार्ड नंबर 13 बांध मोहल्ला मयुर वन के पास परासिया को धारा 304बी, 34 भादवि. के तहत दोष सिद्ध पाते हुए गौतम कुमार गुजरे अपर सत्र न्यायाधीश परासिया ने आजीवन कारावास एवं 3000-3000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है. प्रकरण मे पैरवी लोक अभियोजक दुर्गेश विश्वकर्मा द्वारा की गई तथा प्रकरण की संपूर्ण विवेचना एसडीओपी परासिया जतेन्द्र सिंह जाट द्वारा की गई. पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण की विवेचना टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई है.

# ट्रेक्टर पलटने से एक युवक की मौत

**छिंदवाड़ा।** थाना लावाघोघरी के मैनीखापा गांव के रहने वाले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के सामने का मुंडा पलटा था। जिसमें दबने से उसकी मौत हुई है। जानकारी अनुसार मनोज पिता कारू धुर्वे उम्र 35 साल मैनीखापा का रहने वाला है। कल रात 9.30 बजे करीब वह टैक्टर का मुंडा वापस लेकर लौट रहा था। इस दौरान मुंडा अचानक पलट गया। इस हादसे में चालक दब गया। दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम करंशव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


नगर पालिका परिषद हर्रई की ओर से समस्त नगरवासियों को 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
● जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन अवश्यक कराएं।
● जल को व्यर्थ ना बहाएं।
● साफ-सफाई हेतु कचरा वाहन में कचरा देवें।





श्रीमती संगीता डेहरिया न.पा. अध्यक्ष
श्री अभिषेक साहू न.पा. उपाध्यक्ष
श्री अनिल देवार न.पा. सीएमओ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती गौरी सिसोदिया (कैलाबाग) प्राचार्य
शास. सांदीपनि विद्यालय दमुआ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. श्रीमती रानी वर्मा बीएमओ
शासकीय सिविल अस्पताल स्वास्थ्य केन्द्र हर्रई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओमी शर्मा ए क्लास रेलवे ठेकेदार
एवं समस्त स्टाफगण रेलवे विभाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार नागवंशी बीएमओ
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं समस्त स्टाफ जुन्नारदेव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुरु प्रसाद इवनाती अधीक्षक
आदिवासी बालक छात्रावास सुरलाखापा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवेन्द्र धनौरिया नगर निगम ठेकेदार
एवं समस्त स्टाफगण ननि छिंदवाड़ा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मराज यादव प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रत्नेश पाटकर प्रशासक
योगेश मोहबे प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी मर्या. समिति दमुआ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र काम्बले प्रशासक
अभिषेक बेलवंशी प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी मर्या. समिति नवेगांव कला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एके तेकाम अधीक्षक
आदिवासी बालक छात्रावास गौरपानी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र काम्बले प्रशासक
गोकल यदुवंशी प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी मर्या. छिन्दीकामथ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रत्नेश पटकर शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दमुआ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय पांडे पुलिस अधीक्षक
जितेन्द्र सिंह जाट एसडीओपी (जुन्नारदेव)
प्रमोद कुमार सिरसाम नगर निरीक्षक
पुलिस थाना दमुआ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीतमी सरिता बट्टी प्रशासक
अभिषेक बेलवंशी प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी मर्या. समिति घानाउमरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र सिंह सलूजा
हैप्पी सलूजा
सलूजा स्टोन क्रेशर भाखरा रोड दमुआ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव गोपाल धुर्वे सरपंच
शेख सूफियान जीआरएस
श्रीमती अनिता मरकाम सचिव
ग्राम पंचायत रामपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती अलका परतेती सरपंच
ओमप्रकाश गुजरे सचिव
श्रीमती राखी पाटिल उपसरपंच
सूरज फलके जी.आर.एस.
ग्राम पंचायत भरदागढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्य इण्डेन गैस
दमुआ क्षेत्र के अधिकृत विक्रेता
आपकी संतुष्टि ही हमारी सफलता है
घर पहुंच गैस सेवा, नए कनेक्शन तुरंत प्राप्त करें।
मो.नं.- 8770061925

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनीष शिवहरे ठेकेदार
कंपोजिट देशी विदेशी मंदिरा दुकान
दमुआ, रामपुर, नवेगांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेन्द्र शर्मा रेंजर
वन परिक्षेत्र दमुआ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती ललिता दर्शमा सरपंच
ओमप्रकाश गुजरे सचिव
श्रीमती जामवती नागवंशी उपसरपंच
कमलकांत बोबड़े जीआरएस
ग्राम पंचायत राखीकोल



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी।* फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589